वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

Digital Edition | ब्यावर, 23 अगस्त 2025, शनिवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क





वर्द्धमान प्रांगण में गूंजे देशभक्ति के तराने...

हर्ष-उल्लास से मनाया 79वां आजादी का उत्सव





जय हिन्द

वन्दे मातरम्

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक इकाईयों.. श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, बी. एल.गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल, वर्द्धमान इंस्टीट्यूट फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) द्वारा संयुक्त रूप से 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह वर्द्धमान महाविद्यालय प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि सुनील जी खेतपालिया अध्यक्ष श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष दीपचंद लुणिया, चैन्नई, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने सैकड़ो छात्र-छात्राओं एवं समस्त संकाय सदस्यों की मौजूदगी में जन गण मन की मधुर स्वर लहरियों के बीच ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि व शिक्षण समिति अध्यक्ष सुनील जी खेतपालिया ने इस अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए बताया कि आज स्वतन्त्रता सेनानी व उनके बलिदानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है अत: वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एकता विविधता और प्रगति के मूल्यों को बनाये रखने की शपथ लेनी चाहिए और अपने संविधान के प्रति आदर भाव रखना चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्य डा आर.सी. लोढ़ा ने अपने उद्बोधन में युवा पीढ़ी को अपने देश को समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र बनाने हेतु आगे आने की प्रेरणा दी उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य,पर्यावरण और सामाजिक एकता के निर्माण में योगदान देने हेतु कृत संकल्प होने का संदेश दिया। वर्द्धमान ग्रुप की समस्त इकाइयों के छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में अंग्रेजी संभाषण, एक्शन डांस व देशभक्ति गीतों पर युगल एवं सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। साथ ही वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ने संस्कृत भाषा में मातृभूमि की वंदना प्रस्तुत की व विद्यार्थियों ने म्यूजिकल ऐरोबिक्स की अदभुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गोठी स्कूल के पूर्व विद्यार्थी ग्रन्थिक पाल सिंह शेखावत का राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी एनडीए में चयन होने पर मेडल,स्मृति चिन्ह देकर विशेष रूप से सम्मान किया गया।

परेड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वाली महाविद्यालय छात्राओं एवं प्रशिक्षिका सीमा कंवर को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा द्वारा रोवर रेंजर टीम को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम के समापन से पूर्व बीएल गोठी स्कूल के स्पोर्ट्स एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षक समीर एस कुमार के निर्देशन में शानदार पिरामिड प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पदाधिकारी उपाध्यक्ष द्वितीय ज्ञानचन्द बिनायकिया सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, कार्यकारिणी सदस्य पारसमल खेतपालिया, रमेशचंद मेड़तवाल, गौतमचन्द गोखरु, प्रकाशचन्द गदिया, उत्तमचन्द देरासरिया, दीपचन्द कोठारी, प्रवीण खेतपालिया, सुरेशचन्द कांकरिया, धनपत श्रीश्रीमाल, वैभव सुकलेचा, पारस ओस्तवाल, अरविन्द मुथा, शैलेन्द्र सोगानी, रवि कुमार सुराणा, अतुल कांकरिया, राजेन्द्र ओस्तवाल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ. निवेदिता पाठक, वर्द्धमान इन्टरनेशनल की प्राचार्या श्वेता नाहर समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निधि पंवार, अनुपमा दाधीच व अमन प्रीत ने किया।









अतिथियों का स्वागत-सम्मान...





















79वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, विशिष्ट अतिथि दीपचंद लूणिया, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने आकर्षक खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया एवं मार्चपास्ट की सलामी ली.

















श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय,भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में देश के 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही हर्ष-उल्लास से मनाया। मुख्य समारोह से पूर्व श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख द्वारा समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। सर्वप्रथम सेंदड़ा रोड़ पर स्थित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक एवं उपाचार्य नागेश जी ने मंत्री महोदय का माला,साफा पहना कर स्वागत किया, बी.एल.गोठी स्कूल प्रिंसिपल धर्मेन्द्र कुमार शर्मा उप प्राचार्या सुनीता चौधरी, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल प्रिंसिपल श्वेता नाहर ने मुख्य अतिथि डॉ.नरेन्द्र पारख का बुके भेंट करके एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

















स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुतियों में झलका देश भक्ति का जज्बा...







